प्रीलिम्स फैक्ट्स : 22 अक्टूबर, 2018

राष्ट्रीय पुलिस स्मारक

21 अक्तूबर को पुलिस स्मारक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक राष्ट्र को समर्पित किया गया।

- 21 अक्तूबर 1959 में चीनी सैनिकों द्वारा लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में मारे गए पुलिसकर्मियों की स्मृति में इस दिन को पुलिस स्मारक दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का निर्माण नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में किया गया है। इसका निर्माण नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन द्वारा किया गया है।
- इस स्मारक का वज़न लगभग 250 टन है तथा इसकी ऊँचाई लगभग 30 फीट है।
- यह ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित है।
- राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में केंद्रीय मूर्तकिला, कर्त्तव्य निभाते हुए अपने जीवन का बलिदान करने वाले पुलिसकर्मियों के नाम उत्कीर्ण हुई साहस और वीरता दर्शाने वाली दीवार तथा शहीद पुलिस कर्मियों को समर्पित एक आधुनिक संग्रहालय शामिल है।

बिहार की लीची को मिला जीआई टैग

कतरनी चावल, जरदालू आम और मगही पान के बाद बिहार की शाही लीची को भौगोलिक संकेत(GI) का टैग मिला है और टैग मिलते ही यह राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में एक विशेष ब्रांड बन गया है।

- प्रसिद्ध शाही लीची, जो अपने मीठे, रसदार, अद्वितीय स्वाद और सुगंध के लिये प्रसिद्ध है, अधिकांशतः मुज़फ्फरपुर और इसके आस-पास के ज़िलों- पूर्वी चंपारण, वैशाली, समस्तीपुर और बेगूसराय में उगाई जाती है।
- उल्लेखनीय है कि देश में उगाई जाने वाली कुल लीची का 40 प्रतिशत उत्पादन बिहार में किया जाता है।

भौगोलिक संकेतक (Geographical Indication-GI)

- एक भौगोलिक संकेतक (Geographical Indication) का इस्तेमाल ऐसे उत्पादों के लिये किया जाता है, जिनका एक विशिष्ट भौगोलिक मूल क्षेत्र होता है।
- इन उत्पादों की विशिष्ट विशेषताएँ एवं प्रतिष्ठा भी इसी मूल क्षेत्र के कारण होती है। इस तरह का संबोधन उत्पाद की गुणवत्ता और विशिष्टता का आश्वासन देता है।
- अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर GI का विनियमन विश्व व्यापार संगठन (WTO) के बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी पहलुओं (Trade-Related Aspects of Intellectual Property Rights-TRIPS) पर समझौते के तहत किया जाता है।
- वहीं, राष्ट्रीय स्तर पर यह कार्य 'वस्तुओं का भौगोलिक सूचक' (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 (Geographical Indications of goods 'Registration and Protection' act, 1999) के तहत किया जाता है, जो सितंबर 2003 से लागू हुआ।
- वर्ष 2004 में 'दार्जिलिंग टी' जीआई टैग प्राप्त करने वाला पहला भारतीय उत्पाद है।
- भौगोलिक संकेतक का पंजीकरण 10 वर्ष के लिये मान्य होता है।

ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक 2018

6 से 18 अक्तूबर, 2018 के बीच अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया गया।

- ब्यूनस आयर्स में आयोजित ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक में 32 खेलों को शामिल किया गया।
- खेलों के अगले संस्करण 2020 शीतकालीन युवा ओलंपिक का आयोजन लुसाने, स्विट्ज़रलैंड में किया जाएगा।
- 3 स्वर्ण, 9 रजत और 1 कांस्य पदक सहित कुल 13 पदकों के साथ भारत ने इस प्रतियोगिता में 14वाँ स्थान हासिल किया।
- 29 स्वर्ण, 18 रजत और 12 कांस्य पदक सहित कुल 59 पदकों के साथ रूस ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि जापान दूसरे स्थान पर रहा।
- भारत की ओर से सौरभ चौधरी (निशानेबाजी), मनु भाकर (निशानेबाजी) और जेरेमी लालरिनुंगा (भारोत्तोलन) ने स्वर्ण पदक जीता।

- भारत की ओर से पुरुष एवं महिला हॉकी टीम ने रजत पदक प्राप्त किया।
- हरियाणा का आकाश मलिक ने तीरंदाजी में रजत पदक हासिल किया। युवा ओलंपिक की तीरंदाजी प्रतिस्पर्द्धा में रजत पदक जीतने वाले वे पहले भारतीय खिलाड़ी हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-22-10-2018